# आधुनिक भारत का इतिहास

- ☞ हैदराबाद के स्वतन्त्र राज्य का संस्थापक **निजाम-उल-मुल्क** था।
- ☞ बंगाल में स्वतन्त्र राज्य का संस्थापक **मुर्शिद कुली खां** था।
- ☞ ब्लैक होल की घटना **कलकत्ता** में **जून, 1756 ई.** में घटी थी।
- ☞ **प्लासी का युद्ध** 23 जून, 1757 को सिराजुद्दौला एवं अंग्रेजों के मध्य हुआ।
- ☞ **बक्सर के युद्ध** (1764 ई.) में अवध के नवाब शुजाउद्दौला ने बंगाल के नवाब मीर कासिम का साथ दिया था।
- ☞ अवध का अंतिम नवाब **वाजिद अली शाह** (1847 - 56 ई.) था।
- ☞ **1856 ई.** में अंग्रेजों ने अवध के राज्य पर कुशासन का आरोप लगाकर इसे अंग्रेजी साम्राज्य में मिला लिया।
- ☞ **प्रथम आंग्ल-सिख युद्ध** (1845-46 ई.) के समय पंजाब में सिक्खों का शासक दलीप सिंह था।
- ☞ द्वितीय आंग्ल-सिख युद्ध **1848-49 ई.** में हुआ।
- ☞ ब्रिटिशों ने पंजाब को **1849 ई.** में अपने राज्य में मिला लिया।
- ☞ हैदर अली मैसूर का वास्तविक शासक **1761 ई.** में बना।
- ☞ फ्रांसीसियों की सहायता से हैदर अली ने **डिंडीगुल** में शस्त्रागार स्थापित किया।
- ☞ **प्रथम आंग्ल-मैसूर युद्ध** (1767-69 ई.) में हैदर अली द्वारा अंग्रेजों को पूर्णतः परास्त किया गया।
- ☞ **द्वितीय आंग्ल-मैसूर युद्ध** (1780-84 ई.) की शुरुआत अंग्रेजों द्वारा माही को जीतने के प्रयत्न के साथ हुई।
- ☞ हैदर अली अंग्रेजों से **पोर्टोनोवा** नामक स्थान पर परास्त हुआ।
- ☞ हैदर अली की मृत्यु **7 दिसंबर, 1782** को हुई।
- ☞ तृतीय आंग्ल-मैसूर युद्ध (1790-92 ई.) का समापन **श्रीरंगपट्टनम** की संधि द्वारा हुआ।
- ☞ **चतुर्थ आंग्ल-मैसूर युद्ध 1799 ई.** में हुआ।
- ☞ टीपू सुल्तान **चतुर्थ आंग्ल-मैसूर युद्ध** में मारा गया था। इस युद्ध के समय बंगाल का गवर्नर जनरल लॉर्ड वेलेजली था।
- ☞ **वास्कोडिगामा** (पुर्तगाली) भारत के पश्मिची तट पर स्थित बंदरगाह कालीकट पर 20 मई, 1498 को पहुंचा।
- ☞ यूरोप से भारत के लिए **समुद्री मार्ग की खोज** वास्कोडिगामा (पुर्तगाली/यूरोपियों) द्वारा की गई थी।
- ☞ भारत में पुर्तगाली शक्ति का वास्तविक संस्थापक **अल्बुकर्क** था।
- ☞ मध्यकाल में सर्वप्रथम भारत से व्यापार संबंध स्थापित करने वाले **पुर्तगाली** थे।
- ☞ पुर्तगालियों ने **कोचीन** में अपना प्रथम दुर्ग निर्मित किया।
- ☞ पुर्तगालियों ने **बंगाल** में अपनी फैक्ट्री **हुगली** में स्थापित की थी।
- ☞ कलकत्ता का वास्तुकार/संस्थापक **जॉब चारनाक** था।
- ☞ लंदन में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना के समय भारत का बादशाह **अकबर** था।
- ☞ जहांगीर के शासनकाल में **ईस्ट इंडिया कंपनी** ने भारत में सर्वप्रथम अपना अस्थायी कारखाना **मछलीपट्टनम** में स्थापित किया।
- ☞ **ईस्ट इंडिया कंपनी** की स्थापना 31 दिसंबर, 1600 को की गई।
- ☞ ईस्ट इंडिया कंपनी की प्रथम फैक्ट्री 1613 ई. में स्थायी रूप से **सूरत** में स्थापित की गई थी।
- ☞ **फ्रांसीसी कंपनी** ने 1668 ई. में सूरत में अपनी पहली फैक्ट्री स्थापित की।
- ☞ भारत में फ्रांसीसी कंपनी का संस्थापक **कॉल्बर्ट** था।
- ☞ अंग्रेजी शासनकाल में बिहार **अफीम** उत्पादन हेतु प्रसिद्ध था।
- ☞ **कर्नाटक का युद्ध** अंग्रेज एवं फ्रांसीसियों के मध्य लड़ा गया।

**भारत में यूरोपीय व्यापारिक कंपनियां**

| नाम | स्थापना वर्ष | भारत में प्रथम स्थायी फैक्ट्री |
|---|---|---|
| पुर्तगाली | 1498 ई. | कोचीन (1503) |
| अंग्रेज | 1600 ई. | सूरत (1613) |
| डच | 1602 ई. | मुसलीपट्टनम (1605) |
| डेनिस | 1616 ई. | त्रावणकोर (1620) |
| फ्रांसीसी | 1664 ई. | सूरत (1668) |

## ईस्ट इंडिया कंपनी तथा बंगाल के नवाब

- ☞ **प्लासी का युद्ध** (23 जून, 1757, बंगाल) भारत में ब्रिटिश प्रभुत्व का प्रारंभ माना जाता है।
- ☞ भारत में ब्रिटिश साम्राज्य का संस्थापक **लॉर्ड रॉबर्ट क्लाइव** था।
- ☞ **मीर कासिम** ने अपनी राजधानी मुर्शिदाबाद से मुंगेर स्थानांतरित की थी।
- ☞ **बक्सर के युद्ध** के पश्चात ईस्ट इंडिया कंपनी एक अखिल भारतीय शक्ति के रूप में स्थापित हुई।
- ☞ **बक्सर का युद्ध** 22 अक्टूबर, 1764 को अंग्रेजों तथा बंगाल के नवाब मीर कासिम, अवध के नवाब शुजाउद्दौला एवं मुगल सम्राट शाहआलम द्वितीय की संयुक्त सेना के मध्य हुआ।
- ☞ अंग्रेजों का सर्वाधिक विरोध **मराठों** द्वारा किया गया है।

## क्षेत्रीय राज्य : पंजाब एवं मैसूर

- महाराजा **रणजीत सिंह** की राजधानी लाहौर थी।
- रणजीत सिंह ने कोहिनूर हीरा **शाहशुजा** से प्राप्त किया था।
- **टीपू सुल्तान** हैदर अली का पुत्र था।
- टीपू सुल्तान ने विदेशों में **आधुनिक प्रकार के दूतावास** स्थापित किए।
- अंग्रेजों ने **श्रीरंगपट्टनम की संधि** टीपू सुल्तान के साथ की।
- द्वितीय आंग्ल-मैसूर युद्ध **मंगलौर की संधि** (1784 ई.) के तहत समाप्त हुआ।
- टीपू ने अपनी राजधानी **श्रीरंगपट्टनम** में स्वतंत्रता का वृक्ष लगवाया।

## गवर्नर/गवर्नर जनरल/वायसराय

- प्लासी युद्ध के पश्चात् **रॉबर्ट क्लाइव** को बंगाल का प्रथम 'गवर्नर' बनाया गया।
- सबसे पहले रॉबर्ट क्लाइव (1757-60 तथा 1765-67) ने बंगाल में **द्वैध शासन** लागू किया।
- **क्लाइव** ने इंग्लैंड में जाकर आत्महत्या कर ली थी।
- 1773 के रेग्यूलेटिंग एक्ट के तहत **वॉरेन हेस्टिंग्स** को बंगाल का प्रथम 'गवर्नर जनरल' बनाया गया।
- वॉरेन हेस्टिंग्स ने **राजकीय कोषागार** को मुर्शिदाबाद से कलकत्ता स्थानांतरित किया।
- वॉरेन हेस्टिंग्स के समय में विलियम जोन्स ने 1784 ई. में बंगाल में '**एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल**' की स्थापना की थी।
- वॉरेन हेस्टिंग्स के काल में कलकत्ता में एक **सुप्रीम कोर्ट** की स्थापना **(1774 ई.)** की गई। इस सुप्रीम कोर्ट के प्रथम मुख्य न्यायाधीश **एलिजा इम्पे** थे।

**गवर्नर जनरल एवं उनकी नीतियां**

| गवर्नर जनरल | वर्ष | नीति |
|---|---|---|
| वॉरेन हेस्टिंग्स | 1772 | बंगाल में द्वैध शासन का अंत |
| लॉर्ड कार्नवालिस | 1793 | स्थायी बन्दोबस्त |
| लॉर्ड वेलेजली | 1798 | सहायक संधि |
| विलियम बेंटिक | 1829 | सती प्रथा पर रोक |
| लॉर्ड रिपन | 1882 | स्थानीय स्वशासन |
| लॉर्ड डफरिन | 1885 | कांग्रेस की स्थापना |
| लॉर्ड कर्जन | 1905 | बंगाल विभाजन |

- वॉरेन हेस्टिंग्स पर **महाभियोग का मुकदमा** चलाया गया था।
- **लॉर्ड कार्नवालिस** (1786 से 1793) भारत में सिविल सेवा का जन्मदाता था।
- कार्नवालिस के समय में जिले के समस्त अधिकार **जिलाधिकारी** को दे दिए गए।
- कार्नवालिस ने 1793 ई. में **स्थायी बन्दोबस्त** की पद्धति लागू की।
- कार्नवालिस की कब्र **गाजीपुर** में स्थित है।
- अहस्तक्षेप की नीति का प्रतिपादन **सर जॉन शोर** (1793-98) ने किया।
- सहायक संधि का प्रयोगकर्ता **लॉर्ड वेलेजली** (1798-1805) था।
- सहायक संधि को स्वीकार करने वाला पहला भारतीय राज्य **हैदराबाद** था।
- नागरिक सेवा में भर्ती किए गए युवकों को प्रशिक्षित करने के लिए वेलेजली ने कलकत्ता में **फोर्ट विलियम कॉलेज** की स्थापना की।
- वेलेजली ने अपने आप को **बंगाल का शेर** कहा था।
- पिण्डारियों का दमन **लॉर्ड हेस्टिंग्स** के समय में किया गया।
- मराठा संघ का अंत **लॉर्ड हेस्टिंग्स** के समय हुआ।
- **लॉर्ड एमहर्स्ट** पहला गवर्नर जनरल था, जो मुगल सम्राट अकबर द्वितीय से 1827 ई. में बराबरी के स्तर पर मिला।
- सती प्रथा का अंत **लॉर्ड विलियम बेंटिक** ने किया था।
- लॉर्ड विलियम बेंटिक **भारत का प्रथम** गवर्नर जनरल था।
- **तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध** (1817-18) के समय गवर्नर जनरल लॉर्ड हेस्टिंग्स था।
- ठगों का दमन **कैप्टन स्लीमैन** ने किया था।
- अंग्रेजी को शिक्षा का माध्यम लॉर्ड विलियम बेंटिक के समय 1835 ई. में बनाया गया।
- **चार्ल्स मेटकॉफ** को समाचार-पत्रों का मुक्तिदाता कहा जाता है।
- प्रथम आंग्ल-अफगान युद्ध **लॉर्ड आकलैंड** (1838-42) के समय हुआ जिसमें अंग्रेजों की भारी क्षति हुई।
- **लॉर्ड एलनबरो** (1842-44) के समय अंग्रेजों द्वारा सिंध का विलय किया गया।
- लॉर्ड एलनबरो के समय **दास प्रथा** को समाप्त कर दिया गया।
- अवध का अंग्रेजी राज्य में विलय (1856) कुप्रशासन के आधार पर **लॉर्ड डलहौजी** के समय हुआ।
- **हड़प नीति** का जन्मदाता लॉर्ड डलहौजी (1848-56) था।
- भारत में **प्रथम रेलवे लाइन** डलहौजी के काल में 1853 ई. में बंबई से थाणे के मध्य बिछाई गई।
- विधवा पुनर्विवाह ईश्वरचंद्र विद्यासागर के प्रयास से **लॉर्ड कैनिंग** के समय में क्रियान्वित हुआ।
- **प्रथम विद्युत तार** (Electric Telegraph) डलहौजी के समय में कलकत्ता से आगरा के मध्य प्रारंभ हुई।

- ☞ पहली बार डाक टिकटों का प्रचलन डलहौजी के कार्यकाल में प्रारंभ हुआ।
- ☞ **सार्वजनिक निर्माण विभाग** (Public Works Department) की स्थापना डलहौजी के समय की गई।
- ☞ 1857 का विद्रोह **लॉर्ड कैनिंग** के समय हुआ।
- ☞ 1857 के विद्रोह के पश्चात लॉर्ड कैनिंग को **भारत का प्रथम वायसराय** बनाया गया।
- ☞ 1 नवंबर, 1858 को महारानी विक्टोरिया का घोषणा-पत्र **इलाहाबाद में लॉर्ड कैनिंग** ने पढ़कर सुनाया था।
- ☞ भारत में पहली बार जनगणना **लॉर्ड मेयो** के कार्यकाल में 1872 ई. में प्रारंभ हुई।
- ☞ लॉर्ड मेयो की हत्या **अंडमान निकोबार** में कर दी गई थी।
- ☞ **लॉर्ड लिटन** साहित्य जगत में **'ओवन मैरिडिथ'** के नाम से प्रसिद्ध था।
- ☞ **लॉर्ड लिटन** के समय 1 जनवरी, 1877 को प्रथम दिल्ली दरबार का आयोजन किया गया था।
- ☞ लिटन के समय में **वर्नाकुलर प्रेस एक्ट**, 1878 के द्वारा भारतीय भाषा में समाचार-पत्रों को प्रतिबंधित कर दिया गया।
- ☞ **लॉर्ड रिपन** (1880-84) भारत का सर्वाधिक लोकप्रिय गवर्नर था।
- ☞ **प्रथम वास्तविक जनगणना,** 1881 ई. में लॉर्ड रिपन के कार्यकाल में हुई।
- ☞ लॉर्ड रिपन को **स्थानीय स्वशासन** का जन्मदाता माना जाता है।
- ☞ **प्रथम फैक्ट्री अधिनियम**, 1881 ई. में लॉर्ड रिपन के कार्यकाल में पारित किया गया।
- ☞ **वर्नाकुलर प्रेस एक्ट,** 1882 में लॉर्ड रिपन के काल में समाप्त कर दिया गया।
- ☞ '**इल्बर्ट बिल**' विवाद के कारण लॉर्ड रिपन ने अपना कार्यकाल पूर्ण होने से पहले ही त्यागपत्र दे दिया।
- ☞ **लॉर्ड डफरिन** (1884-88) के समय में बर्मा को जीतकर अंग्रेजी राज्य में मिला लिया गया।
- ☞ **कांग्रेस की स्थापना** 1885 ई. में लॉर्ड डफरिन के समय में हुई थी।
- ☞ **इलाहाबाद विश्वविद्यालय** की स्थापना 1887 ई. में डफरिन के कार्यकाल में हुई।
- ☞ **लॉर्ड लैंसडाउन** के समय 1891 ई. में दूसरा फैक्ट्री अधिनियम पारित हुआ।
- ☞ **लैंसडाउन** के समय में 1892 ई. का इंडियन कौंसिल एक्ट पारित किया गया। इस अधिनियम के द्वारा भारत में निर्वाचन सिद्धांत का प्रारंभ हुआ।
- ☞ **लॉर्ड कर्जन** भारत का सर्वाधिक अलोकप्रिय वायसराय था।
- ☞ लॉर्ड कर्जन के कार्यकाल में **एक अकाल आयोग** का गठन किया गया।
- ☞ लॉर्ड कर्जन के कार्यकाल में मानक्रीक की अध्यक्षता में एक **सिंचाई आयोग** का गठन किया गया।
- ☞ कर्जन के कार्यकाल में पुलिस विभाग में **सी.आई.डी.** (Criminal Investigation Department) की स्थापना की गई।
- ☞ **कर्जन** को सहकारिता का जन्मदाता माना जाता है।
- ☞ कर्जन के कार्यकाल में वर्ष 1904 में '**यंग हस्बैण्ड**' के नेतृत्व में तिब्बत में अभियान दल भेजा गया।
- ☞ कर्जन के ही कार्यकाल में वर्ष 1905 में **बंगाल का प्रथम विभाजन** हुआ।
- ☞ लॉर्ड कर्जन के कार्यकाल को **आयोगों एवं समितियों का** कार्यकाल कहा जाता है।
- ☞ लॉर्ड कर्जन के कार्यकाल में वर्ष 1901 में **भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग** की स्थापना हुई।
- ☞ **लॉर्ड मिंटो द्वितीय** (1905 से 1910) के कार्यकाल में 'पृथक निर्वाचक मंडल' की व्यवस्था की गई।
- ☞ लॉर्ड मिंटो द्वितीय के कार्यकाल में '**समाचार-पत्र अधिनियम,** 1908 में पारित किया गया।
- ☞ **लॉर्ड हार्डिंग** (1910-1916) के समय तृतीय दिल्ली दरबार का आयोजन वर्ष 1911 में किया गया।
- ☞ लॉर्ड हार्डिंग के कार्यकाल में वर्ष 1912 में ब्रिटिश राजधानी **कलकत्ता से दिल्ली** स्थानांतरित कर दी गई।
- ☞ वर्ष 1916 में लॉर्ड हर्डिंग को काशी हिंदू विश्वविद्यालय का कुलाधिपति नियुक्त किया गया।
- ☞ **लॉर्ड चेम्सफोर्ड** (1916-1921) के समय वर्ष 1919 में **रौलेट एक्ट** पारित हुआ था।
- ☞ **लॉर्ड रीडिंग** (1921-26) के कार्यकाल में 5 फरवरी, 1922 को चौरी-चौरा कांड (गोरखपुर में) घटित हुआ।
- ☞ **लॉर्ड इर्विन** (1926-31) के समय में **साइमन कमीशन** भारत आया।
- ☞ इर्विन के कार्यकाल में 12 नवंबर, 1930 को लंदन में **प्रथम गोलमेज सम्मेलन** का आयोजन किया गया।
- ☞ इर्विन के कार्यकाल में **सरदार भगत सिंह** को फांसी दी गई थी।
- ☞ **लॉर्ड वेलिंगटन** (1931-36) के समय में भारत सरकार अधिनियम, 1935 पारित किया गया।
- ☞ लिनलिथगो के समय में **क्रिप्स मिशन** भारत आया।
- ☞ **लॉर्ड वेवेल** (1944 से 47) के कार्यकाल में वर्ष 1945 में शिमला समझौता संपन्न हुआ।

- **लॉर्ड माउन्टबेटन** (1947 से जून 1948 तक) स्वतंत्र भारत के **प्रथम गवर्नर जनरल** थे।
- स्वतंत्र भारत के प्रथम एवं अंतिम भारतीय गवर्नर जनरल **सी. राजगोपालाचारी** थे।
- अहस्तक्षेप की नीति का जन्मदाता **सर जॉन लॉरेंस** (1864-68) था।
- जॉन लॉरेंस के कार्यकाल में 1865 ई. में भारत एवं यूरोप के बीच **प्रथम समुद्री टेलीग्राफ** सेवा प्रारंभ की गई।

## ब्रिटिश शासन का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

- **इस्तमरारी बंदोबस्त** या **स्थायी बंदोबस्त** लॉर्ड कार्नवालिस ने 1793 ई. में लागू किया।
- '**सूर्यास्त कानून**' लॉर्ड कार्नवालिस के समय में लागू किया गया।
- **रैयतवाड़ी व्यवस्था** का जन्मदाता **टॉमस मुनरो** और **कैप्टन रीड** को माना जाता है।
- रैयतवाड़ी व्यवस्था को **मद्रास** और **बंबई प्रेसीडेंसी** में लागू किया गया था।
- अंग्रेजों के शासनकाल में भारत के '**आर्थिक दोहन**' के सिद्धांत को दादाभाई नौरोजी ने प्रतिपादित किया।
- 'पावर्टी एंड अनब्रिटिश रुल इन इंडिया' नामक पुस्तक **दादाभाई नौरोजी** ने लिखी थी।
- **सूती वस्त्र का प्रथम कारखाना** 1818 ई. में कलकत्ता में खोला गया।
- भारत में **जूट का पहला कारखाना सेरामपुर** (बंगाल) के निकट **रिशरा** में 1855 ई. में खोला गया।
- जे.एन. टाटा ने वर्ष 1907 में जमशेदपुर (झारखंड) में **टिस्को** की स्थापना की।

## 1857 की क्रांति

- **1857 की क्रांति** का प्रारंभ 10 मई को **मेरठ** से हुआ था।
- **मंगल पांडे** की घटना बैरकपुर में हुई थी।
- मंगल पांडे को फांसी 8 अप्रैल, 1857 को दी गई।
- 1857 के विद्रोह का तात्कालिक कारण चर्बी वाले कारतूसों का प्रयोग था।

**1857 की क्रांति के भारतीय सेनापति**

| स्थान | भारतीय सेनापति |
|---|---|
| बिहार | कुंवर सिंह |
| लखनऊ | बेगम हजरत महल |
| कानपुर | नाना साहब एवं तात्या टोपे |
| झांसी | रानी लक्ष्मीबाई |
| दिल्ली | बहादुरशाह द्वितीय |
| इलाहाबाद | लियाकत अली |
| फतेहपुर | अजीमुल्ला |
| बरेली | खान बहादुर खान |

- फैजाबाद में 1857 की क्रांति का नेतृत्व **मौलवी अहमद उल्ला** ने किया था।
- **तात्या टोपे** का वास्तविक नाम रामचंद्र पांडुरंग था।
- 1857 की क्रांति का बिहार में नेतृत्व करने वाले कुंवर सिंह जगदीशपुर के राजा थे।
- 1857 की क्रांति के समय ब्रिटिश प्रधानमंत्री **पामर्स्टन** था।
- वी.डी. सावरकर ने 1857 के विद्रोह को स्वतंत्रता की पहली लड़ाई कहा था।
- भारतीय स्वाधीनता आंदोलन 1857 के सरकारी इतिहासकार **एस.एन. सेन** थे।

## अन्य जन आंदोलन

- 'आनंद मठ' की कथा वस्तु **संन्यासी विद्रोह** पर आधारित है।
- '**वंदे मातरम्**' गीत बंकिम चंद्र चटर्जी ने लिखा है।
- '**आनंद मठ**' उपन्यास बंकिम चंद्र चटर्जी ने लिखा है।

| विद्रोह का नाम | नेता | स्थान |
|---|---|---|
| कूका आंदोलन | गुरु राम सिंह | पंजाब |
| पागलपंथी विद्रोह | टीपू | बंगाल |
| फराजी | शरीयतुल्ला | बंगाल |
| बेलुथम्पी विद्रोह | बेलुथम्पी | केरल |
| कोल विद्रोह | बुद्ध भगत | छोटानागपुर |
| संथाल | सिद्धू-कान्हू | बिहार |
| मुंडा विद्रोह (उलगुलन विद्रोह) | बिरसा | झारखंड |
| मोपला विद्रोह (1921) | अलीमुसलियार | मालाबार |
| पाबना कृषक विद्रोह | - | बंगाल |

## भारत में आधुनिक शिक्षा का विकास/प्रेस

- भारत में **प्रथम मदरसा** वॉरेन हेस्टिंग्स के कार्यकाल में कलकत्ता में स्थापित किया गया।
- '**एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल**' के संस्थापक विलियम जोन्स थे।
- 'भगवद्गीता' का सर्वप्रथम अंग्रेजी में अनुवाद **चार्ल्स विल्किंस** ने किया था।
- कालिदास की प्रसिद्ध रचना 'अभिज्ञानशाकुंतलम्' का पहली बार अंग्रेजी में अनुवाद **विलियम जोन्स** ने किया था।
- **हंटर कमीशन** ने प्राथमिक शिक्षा के विकास पर विशेष जोर दिया।

| ब्रिटिशकालीन समाचार-पत्र | |
|---|---|
| **समाचार-पत्र/प्रकाशित वर्ष** | **संस्थापक** |
| बंगाल गजट, 1780 (कोलकाता) | जे.ए. हिक्की |
| सोम प्रकाश, 1859 (कलकत्ता) | ईश्वरचन्द्र विद्यासागर |
| इंडियन मिरर, 1861 (कलकत्ता) | केशवचन्द्र सेन |
| हिन्दू, 1878 (मद्रास) | वी. राघवाचारी |
| केसरी, 1881 (बंबई) | तिलक |
| इंडियन ओपिनियन, 1903 (द. अफ्रीका) | महात्मा गांधी |
| युगांतर, 1906 (कलकत्ता) | भूपेन्द्र नाथ दत्त |
| वंदे मातरम्, 1909 (पेरिस) | मैडम भीकाजी कामा |
| गदर, 1913 (सैन फ्रांसिस्को) | लाला हरदयाल |
| न्यू इंडिया, 1914 | एनी बेसेंट |
| सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी | गोपाल कृष्ण गोखले |
| इंडिपेंडेंट, 1919 (इलाहाबाद) | मोतीलाल नेहरू |
| नवजीवन (अहमदाबाद) | महात्मा गांधी |
| यंग इंडिया, 1919 (अहमदाबाद) | महात्मा गांधी |
| हरिजन (पुणे) | महात्मा गांधी |

☞ **सैडलर आयोग** का संबंध शिक्षा से था।

☞ **लॉर्ड मैकाले** अंग्रेजी शिक्षा से संबंधित हैं।

☞ बंबई में प्रथम महिला विश्वविद्यालय की स्थापना **डी.के. कर्वे** के प्रयत्नों से हुई।

☞ काशी हिंदू विश्वविद्यालय का शिलान्यास **मदन मोहन मालवीय** के प्रयासों द्वारा 4 फरवरी, 1916 को लॉर्ड हार्डिंग द्वारा किया गया।

☞ भारत का पहला समाचार-पत्र '**बंगाल गजट**' था जिसका प्रकाशन 1780 ई. में **जेम्स आगस्टस हिक्की** ने आरंभ किया।

☞ फारसी साप्ताहिक '**मिरातुल अखबार**' को राजा राममोहन राय द्वारा प्रकाशित किया जाता था।

☞ '**हिंदू पैट्रियाट**' के संपादक हरिशचंद्र मुखर्जी थे।

☞ अंग्रेजी साप्ताहिक '**वंदे मातरम्** ' के साथ अरविंद घोष संपादक के रूप में जुड़े थे।

☞ 'हिंदू पैट्रियाट' भारतीयों द्वारा **अंग्रेजी भाषा** में प्रकाशित प्रथम समाचार-पत्र था।

☞ बाल गंगाधर तिलक द्वारा '**केसरी**' समाचार-पत्र प्रारंभ किया गया था।

☞ दैनिक समाचार-पत्र '**आज**' के संस्थापक शिवप्रसाद गुप्त थे।

☞ मराठी पाक्षिक पत्रिका '**बहिष्कृत भारत**' बी.आर. अम्बेडकर ने आरंभ किया था।

## सामाजिक एवं धार्मिक सुधार आंदोलन

☞ बंगाल में सामाजिक एवं धार्मिक सुधार आंदोलनों के प्रणेता **राजा राममोहन राय** थे।

☞ ब्रह्म समाज की स्थापना **राजा राममोहन राय** द्वारा की गई थी।

☞ 19वीं शताब्दी में सर्वप्रथम प्रारंभ किया जाने वाला सुधार आंदोलन **ब्रह्म समाज सुधार आंदोलन** था।

☞ राजा राममोहन राय की मृत्यु **ब्रिस्टल** (लंदन) में हुई थी।

☞ 'भारतीय पुनर्जागरण का पिता,' 'आधुनिक भारत का अग्रदूत' तथा 'देश का पथ-प्रदर्शक' **राजा राममोहन राय** को कहा जाता है।

☞ **आत्मीय सभा** की स्थापना राजा राममोहन राय द्वारा की गई थी।

☞ '**तत्त्वबोधिनी सभा**' की स्थापना देवेन्द्रनाथ टैगोर ने की थी।

☞ सती प्रथा को गैर-कानूनी घोषित कराने में **राजा राममोहन राय** ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

☞ राजा राममोहन राय को 'राजा' की उपाधि मुगल सम्राट **अकबर द्वितीय** द्वारा दी गई थी।

☞ केशवचन्द्र सेन के प्रयासों से मद्रास तथा बंबई में **वेद समाज एवं प्रार्थना समाज** की स्थापना हुई।

☞ प्रार्थना समाज की स्थापना **1867 ई.** में **बंबई** में हुई।

☞ पश्चिमी भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अग्रदूत **महादेव गोविन्द रानाडे** को माना जाता है।

☞ आर्य महिला समाज की स्थापना **पंडिता रमाबाई** द्वारा की गई थी।

☞ 'रॉयल सोसाइटी ऑफ लंदन' का फेलो बनने वाले सबसे पहले भारतीय **ए. सी. वाडिया** थे।

☞ यंग बंगाल आंदोलन के प्रणेता **हेनरी विवियन डेरोजिओ** थे।

☞ 'रॉयल एशियाटिक सोसाइटी' के संस्थापक **हेनरी थामस कोल ब्रुक** थे।

☞ '**लोकहितवादी**' गोपाल हरि देशमुख की (1823-92 ई.) उपाधि थी।

☞ आर्य समाज की स्थापना 1875 ई. में बंबई में **दयानन्द सरस्वती** द्वारा की गई।

☞ दयानन्द सरस्वती के बचपन का नाम **मूल शंकर** था।

☞ स्वामी दयानन्द सरस्वती के गुरु **स्वामी बिरजानंद** थे।

☞ **वेदों की ओर चलो**' (Back to the Vedas) का नारा स्वामी दयानन्द सरस्वती द्वारा दिया गया।

☞ 'सत्यार्थ प्रकाश' की रचना **स्वामी दयानन्द सरस्वती** द्वारा की गई।

☞ विधवा पुनर्विवाह अधिनियम, 1856 को पारित कराने में **ईश्वरचन्द्र विद्यासागर** का प्रमुख योगदान रहा।

☞ भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 1904 **लॉर्ड कर्जन** के समय पारित किया गया था।

☞ भारत में दास प्रथा को **1843 ई.** में अवैध घोषित किया गया।

☞ अखिल भारतीय महिला संघ (All India Women's Conference) की स्थापना वर्ष **1927** में की गई।

☞ 'अखिल भारतीय हरिजन संघ' की स्थापना (1932) **महात्मा गांधी** द्वारा की गई।

☞ केरल में वैकोम सत्याग्रह का मुख्य उद्देश्य **निम्न जातियों** के लिए मंदिरों के द्वार उन्मुक्त करवाना था।

**महत्वपूर्ण संगठन**

| संगठन | संस्थापक | वर्ष |
|---|---|---|
| आत्मीय सभा | राजा राममोहन राय | 1815 |
| ब्रह्म समाज | राजा राममोहन राय | 1828 |
| तत्वबोधिनी सभा | देवेन्द्रनाथ टैगोर | 1839 |
| प्रार्थना समाज | डॉ. आत्माराम पांडुरंग | 1867 |
| आर्य समाज | स्वामी दयानन्द सरस्वती | 1875 |
| थियोसोफिकल-सोसाइटी | एच.पी.ब्लावत्सकी/ कर्नल अलकॉट | 1875 |
| रामकृष्ण मिशन | स्वामी विवेकानंद | 1897 |
| सत्यशोधक समाज | ज्योतिबा फूले | 1873 |
| विश्व भारती | रबीन्द्रनाथ टैगोर | 1921 |
| फारवर्ड ब्लॉक | सुभाषचन्द्र बोस | 1939 |
| स्वराज पार्टी | मोतीलाल नेहरू | 1923 |
| होमरूल लीग | एनी बेसेंट व तिलक | 1916 |
| इंडियन एसोशिएसन | सुरेन्द्रनाथ बनर्जी | 1876 |
| अभिनव भारत | वी.डी. सावरकर | 1904 |
| मुस्लिम लीग | आगा खां एवं सलीमुल्ला खां | 1906 |

☞ **रामकृष्ण मिशन** का मुख्यालय कलकत्ता के वेल्लूर में तथा अल्मोड़ा के मायावती नामक स्थानों पर खोला गया।

☞ दयानन्द सरस्वती को **भारत का 'मार्टिन लूथर'** कहा जाता है।

☞ '**देवसमाज**' की स्थापना 1887 ई. में शिव नारायण अग्निहोत्री ने की थी।

☞ '**राधास्वामी सत्संग**' के संस्थापक शिवदयाल साहब थे।

☞ 'राधास्वामी सत्संग' की स्थापना 1861 ई. में **आगरा** में की गई थी।

☞ 1872 ई. में नेटिव मैरिज एक्ट को पारित करवाने में **केशवचंद्र सेन** ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

☞ एनी बेसेंट '**थियोसोफिकल सोसायटी**' से संबद्ध थीं।

☞ 'थियोसोफिकल सोसायटी' का मुख्यालय **अड्यार** (मद्रास) में था।

☞ **शारदा एक्ट** का संबंध बाल विवाह निषेध से था।

☞ शारदा अधिनियम के अंतर्गत विवाह के लिए **लड़कियों की उम्र 14 वर्ष** एवं **लड़कों की उम्र 18 वर्ष** आवश्यक थी।

☞ '**सर्वेन्ट ऑफ इंडिया सोसायटी**' (भारत सेवक समाज) के संस्थापक गोपालकृष्ण गोखले थे।

☞ **शांति निकेतन** की स्थापना वर्ष 1901 में रबीन्द्रनाथ टैगोर ने की थी।

☞ महाराष्ट्र में '**गणपति उत्सव**' तथा '**शिवाजी उत्सव**' मनाने का श्रेय **बाल गंगाधर तिलक** को है।

## महत्वपूर्ण अधिनियम

☞ अंग्रेजी सरकार द्वारा भारतीय शासन संचालन हेतु पारित किया गया पहला अधिनियम **रेग्यूलेटिंग एक्ट, 1773** था।

☞ **रेग्यूलेटिंग एक्ट** (1773 ई.) द्वारा कलकत्ता में एक सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना की गई।

☞ **पिट्स इंडिया एक्ट** 1784 ई. में अस्तित्व में आया।

☞ **पिट्स इंडिया एक्ट** अधिनियम द्वारा भारत के प्रशासन हेतु 'बोर्ड ऑफ कन्ट्रोल' का गठन किया गया।

☞ **1786 ई. के अधिनियम** द्वारा गवर्नर जनरल एवं सेनापति दोनों की शक्तियां गवर्नर जनरल को दे दी गईं।

☞ **1858 ई. के अधिनियम** द्वारा गवर्नर जनरल को 'वायसराय' के नाम से जाना जाने लगा।

☞ 'विभागीय प्रणाली' की शुरुआत **1861 ई. के भारतीय परिषद अधिनियम** द्वारा हुई।

☞ **भारत परिषद अधिनियम, 1909** द्वारा मुसलमानों के लिए पृथक निर्वाचन पद्धति की व्यवस्था की गई।

☞ भारत सरकार अधिनियम, 1919 को **माण्टेग्यू-चेम्सफोर्ड** सुधार के नाम से भी जाना जाता है।

☞ भारत सरकार अधिनियम, 1919 द्वारा केंद्र में **द्विसदनीय व्यवस्था** कायम की गई।

☞ **भारत सरकार अधिनियम, 1935** द्वारा प्रांतीय स्वायत्तता दी गई।

☞ प्रांतीय स्वायत्तता **1 अप्रैल, 1937** से लागू की गई।

☞ **पंडित नेहरू** ने इस अधिनियम को अनेक ब्रेकों वाली परंतु इंजन रहित मशीन की संज्ञा दी।

☞ युद्ध परामर्शदात्री परिषद के गठन की बात **अगस्त प्रस्ताव, 1940** में की गई थी।

☞ **कैबिनेट मिशन** (मार्च, 1946) द्वारा पाकिस्तान की मांग को अस्वीकार कर दिया गया था।

☞ प्रारंभ में संविधान सभा में सदस्यों की संख्या **389** थी।

# भारत का स्वतंत्रता संघर्ष

## भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

☞ **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस** की स्थापना दिसंबर, 1885 में **ए.ओ. ह्यूम** ने की थी।

☞ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष **डब्ल्यू. सी. बनर्जी** थे।

☞ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन 1885 ई. में बंबई के **गोकुलदास तेजपाल संस्कृत विद्यालय** में आयोजित किया गया था।

☞ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम मुस्लिम अध्यक्ष **बदरुद्दीन तैयबजी** थे।

☞ अखिल भारतीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष **एनी बेसेंट** थीं।

☞ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम भारतीय महिला अध्यक्ष **सरोजिनी नायडू** थीं।

☞ महात्मा गांधी ने मात्र एक बार वर्ष 1924 में कांग्रेस के **बेलगांव अधिवेशन** की अध्यक्षता की थी।

☞ वर्ष 1938 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के **हरिपुरा अधिवेशन** की अध्यक्षता सुभाषचन्द्र बोस ने की थी।

☞ 'जन-गण-मन' को पहली बार वर्ष 1911 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के **कलकत्ता अधिवेशन** में गाया गया ।

☞ बाल गंगाधर तिलक ने कांग्रेस को '**अनुनय-विनय और विरोध**' की राजनीति करने वाली संस्था कहा था।

☞ 'बाल गंगाधर तिलक' को '**भारतीय अशान्ति का जनक**' कहा गया।

☞ **गरम दल** के प्रमुख नेताओं में बाल गंगाधर तिलक, बिपिन चन्द्र पाल, लाला लाजपत राय तथा अरविन्द घोष आदि प्रमुख थे।

☞ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अंग्रेज अध्यक्ष **जॉर्ज यूले** था, जिसने 1888 ई. में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के **इलाहाबाद अधिवेशन** की अध्यक्षता की थी।

☞ ''स्वतंत्रता मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा'', यह शब्द **बाल गंगाधर तिलक** के थे।

☞ '**पंजाब केसरी**' का खिताब लाला लाजपत राय को दिया गया था।

☞ '**ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया**' के उपनाम से **दादाभाई नौरोजी** को जाना जाता है।

☞ '**सीमांत गांधी**' के उपनाम से '**खान अब्दुल गफ्फार खां**' को जाना जाता है।

☞ '**अन्त्योदय**' का विचार सर्वप्रथम महात्मा गांधी ने दिया था।

☞ 'महात्मा गांधी' को सर्वप्रथम '**राष्ट्रपिता**' के नाम से सुभाष चन्द्र बोस ने संबोधित किया था।

## भारत में क्रांतिकारी आंदोलन

☞ क्रांतिकारियों के एक गुप्त संगठन '**अभिनव भारत**' का गठन **वी. डी. सावरकर** ने किया था।

☞ '**मित्र मेला**' नामक संघ को वी.डी. सावरकर ने प्रारंभ किया था।

☞ '**अनुशीलन समिति**' का पुनर्गठन बारींद्र घोष एवं भूपेंद्र नाथ दत्त के सहयोग से वर्ष 1907 में कलकत्ता में किया गया।

☞ क्रांतिकारी संगठन '**हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन**' की स्थापना अक्टूबर, 1924 में कानपुर में की गई।

☞ 'हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' के संस्थापक अध्यक्ष **सचींद्र नाथ सान्याल** थे तथा अन्य सदस्य राम प्रसाद बिस्मिल, भगत सिंह, योगेश चन्द्र चटर्जी तथा चन्द्रशेखर आजाद थे।

☞ '**काकोरी षड्यंत्र**' केस 9 अगस्त, 1925 को हुआ था।

☞ 'काकोरी षड्यंत्र' में राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह, रोशन लाल तथा राजेंद्र लाहड़ी को फांसी की सजा हुई थी।

☞ 'काकोरी षड्यंत्र' में फांसी की सजा से चन्द्रशेखर आजाद बच गए थे।

☞ 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' की स्थापना अगस्त, 1928 में **चन्द्रशेखर आजाद** के नेतृत्व में दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में हुई थी।

☞ प्रसिद्ध नारा ''**इंकलाब जिन्दाबाद**'' सरदार भगत सिंह ने दिया था।

☞ भगत सिंह, राजगुरु तथा सुखदेव को सेन्ट्रल एसेंबली में बम फेंकने तथा मेरठ षड्यंत्र केस के कारण 23 मार्च, 1931 को फांसी की सजा दी गई।

☞ स्वतंत्रता संग्राम में सबसे कम आयु के शहीद **खुदीराम बोस** थे।

☞ चटगांव शास्त्रागार पर धावा 18 अप्रैल, 1930 को **सूर्य सेन** के नेतृत्व में किया गया था।

☞ जेल में भूख हड़ताल के कारण **जतिन दास** की मृत्यु हुई थी।

☞ **बीनादास** ने दीक्षांत समारोह में उपाधि ग्रहण करते समय गवर्नर (कुलाधिपति) पर गोली चलाई थी।

☞ लंदन में 'इंडियन होमरूल सोसायटी' **श्यामजी कृष्ण वर्मा** ने प्रारंभ किया था।

☞ **गदर पार्टी** की स्थापना वर्ष 1913 में सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका) में की गई थी।

☞ मैडम 'भीकाजी रुस्तम कामा' को '**भारतीय क्रांति की मां**' कहा जाता था।

☞ **राजा महेन्द्रप्रताप** ने काबुल (अफगानिस्तान) में भारत की पहली अस्थायी सरकार का गठन किया।

☞ '**इंडिपेंडेंस लीग**' की स्थापना **रास बिहारी बोस** ने की थी।

## बंगाल विभाजन एवं स्वदेशी आंदोलन

- **बंगाल विभाजन** वर्ष 1905 में **लॉर्ड कर्जन** द्वारा किया गया।
- बंगाल विभाजन के विरोध में हुए आंदोलन का नेतृत्व **सुरेन्द्र नाथ बनर्जी** ने किया था।
- बंगाल में ब्रिटेन की वस्तुओं के बहिष्कार का सुझाव सर्वप्रथम **कृष्ण कुमार मित्र** ने दिया था।
- भारतीयों के विरोध के कारण बंगाल को पुनः **वर्ष 1911 में एकीकृत** किया गया।
- रबीन्द्रनाथ टैगोर '**स्वदेशी**' आंदोलन के आलोचक थे।
- वर्ष 1905 के बनारस कांग्रेस अधिवेशन के अध्यक्ष **गोपालकृष्ण गोखले** थे।
- **स्वराज** को बतौर राष्ट्रीय मांग के तौर पर पहली बार **दादाभाई नौरोजी** ने वर्ष 1906 के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में रखा था।
- **स्वराज का प्रस्ताव** वर्ष 1906 के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में पारित किया गया था।
- गरम और नरम दल के रूप में कांग्रेस का विभाजन वर्ष 1907 में **सूरत के कांग्रेस अधिवेशन** में हुआ।
- वर्ष 1907 के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सूरत अधिवेशन के अध्यक्ष **आर.बी. घोष** थे।
- **मुस्लिम लीग** का गठन दिसंबर, 1906 में ढाका में हुआ था।
- मुस्लिम लीग के संस्थापक नवाब **सलीमुल्लाह** थे।
- मुस्लिम लीग के प्रथम अध्यक्ष **आगा खां** थे तथा मुस्लिम लीग का मुख्यालय लखनऊ में था।
- वर्ष 1908 में मुस्लिम लीग की एक शाखा की स्थापना लंदन में हुई थी। इसके अध्यक्ष **सैयद अमीर अली** थे।
- **मार्ले मिंटो बिल** वर्ष 1909 में पारित किया गया। इस अधिनियम के द्वारा मुसलमानों के लिए पृथक निर्वाचक मंडल की व्यवस्था की गई।
- **दिल्ली** भारत की राजधानी बनाने की घोषणा वर्ष 1911 में हुई तथा उसका स्थानांतरण कलकत्ता से दिल्ली वर्ष 1912 में हुआ।
- दिसंबर, 1916 में इंडियन नेशनल कांग्रेस तथा इंडियन मुस्लिम लीग का संयुक्त अधिवेशन हुआ।
- दिसंबर, 1916 में लखनऊ में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग के संयुक्त अधिवेशन की अध्यक्षता ए.सी. मजूमदार ने की थी।

## गांधी एवं उनके आंदोलन

- **महात्मा गांधी** का जन्म 2 अक्टूबर, 1869 को गुजरात के **पोरबंदर** नामक स्थान पर हुआ था।
- **4 सितंबर, 1888** को महात्मा गांधी कानून की पढ़ाई के लिए लंदन गए।
- गांधीजी **1893** ई. में एक केस की पैरवी के लिए दक्षिण अफ्रीका गए ।
- गांधीजी ने दक्षिण अफ्रीका में अंग्रेजों की रंगभेद की नीति के विरुद्ध आंदोलन प्रारंभ किया।
- 1894 ई. में गांधीजी ने **नटाल नेशनल कांग्रेस** की स्थापना दक्षिण अफ्रीका में की थी।
- गांधीजी **वर्ष 1901** में भारत आए तथा पहली बार वर्ष 1901 में कलकत्ता में **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन** में भाग लिया।
- वर्ष 1904 में गांधीजी ने **डरबन** में **फीनिक्स आश्रम** की स्थापना की थी।
- '**इंडियन ओपिनियन**' नामक अखबार गांधीजी ने दक्षिण अफ्रीका में निकाला था।
- महात्मा गांधी **दार्शनिक अराजकतावाद** के समर्थक थे।
- महात्मा गांधी के राजनीतिक गुरु **गोपालकृष्ण गोखले** थे।
- महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से **जनवरी, 1915** में भारत लौटे।
- महात्मा गांधी ने वर्ष 1915 में अहमदाबाद में **साबरमती आश्रम** (सत्याग्रह आश्रम) की स्थापना की।
- भारत के स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान सबसे पहले **सत्याग्रह** महात्मा गांधी ने प्रारंभ किया।
- दक्षिण अफ्रीका से लौटने के पश्चात गांधीजी ने प्रथम सत्याग्रह वर्ष 1917 में **चंपारन** में प्रारंभ किया था।
- गांधीजी को '**महात्मा**' की उपाधि रबीन्द्रनाथ टैगोर ने चंपारन सत्याग्रह के सफल नेतृत्व के कारण प्रदान की।
- गांधीजी ने अहमदाबाद **मिल मजदूर आंदोलन** वर्ष 1918 में चलाया तथा पहली बार भूख हड़ताल प्रारंभ किया।
- **खेड़ा सत्याग्रह** गांधीजी ने वर्ष 1918 में प्रारंभ किया था।
- गांधीजी ने वर्ष 1919 में **रौलेट एक्ट** को काला कानून कहा था।
- रौलेट एक्ट को 'बिना वकील, बिना अपील तथा बिना दलील का कानून' कहा जाता था।
- '**तिनकठिया प्रथा**' के विरुद्ध चंपारन में आंदोलन गांधीजी ने चलाया।
- गांधीजी का चंपारन आंदोलन नील किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रारंभ किया गया था।

☞ तिनकठिया प्रथा के अंतर्गत किसानों को **3/20 भू-भाग** पर नील की खेती करनी पड़ती थी।
☞ गांधीजी के चंपारन सत्याग्रह का विरोध **एन.जी. रंगा** ने किया था।
☞ 'रौलेट एक्ट' वायसराय **लॉर्ड चेम्सफोर्ड** के समय पारित हुआ था।
☞ अखिल भारतीय राजनीति में गांधीजी का पहला साहसिक कदम **रौलेट एक्ट** के विरुद्ध वर्ष 1919 में प्रारंभ सत्याग्रह था।
☞ **रौलेट एक्ट** के विरोध में लगान न देने का आंदोलन **स्वामी श्रद्धानंद** ने चलाया।
☞ **जलियांवाला बाग हत्याकांड** 13 अप्रैल, 1919 को हुआ था।
☞ जलियांवाला बाग **अमृतसर** में स्थित है।
☞ जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में गुरु रबीन्द्रनाथ टैगोर ने **'नाइटहुड'** की उपाधि त्याग दी।
☞ जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में **शंकरन नायर** ने वायसराय की कार्यकारणी परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।
☞ जलियांवाला बाग हत्याकांड की जांच के लिए ब्रिटिश सरकार ने '**हंटर कमीशन**' का गठन किया।
☞ जलियांवाला बाग हत्याकांड के लिए जिम्मेदार **माइकल ओं डायर** की हत्या **उधमसिंह** ने लंदन में की।
☞ जलियांवाला बाग हत्याकांड के समय **भारत का वायसराय लॉर्ड चेम्सफोर्ड** था।

## खिलाफत आंदोलन एवं असहयोग आंदोलन

☞ **खिलाफत आंदोलन** मौलिक रूप से एक धार्मिक आंदोलन था।
☞ वर्ष 1919 में अखिल भारतीय खिलाफत कमेटी का अध्यक्ष **महात्मा गांधी** को चुना गया।
☞ खिलाफत आंदोलन का विरोध **मुहम्मद अली जिन्ना** ने किया था।
☞ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने **असहयोग आंदोलन** वर्ष 1920 में प्रारंभ किया।
☞ वर्ष 1920 के नागपुर में संपन्न कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशन में असहयोग के प्रस्ताव को **सी.आर. दास** ने प्रस्तावित किया था।
☞ **असहयोग आंदोलन** महात्मा गांधी द्वारा चलाया गया प्रथम जन आंदोलन था।
☞ ''**एक वर्ष के भीतर स्वराज प्राप्ति**'' का लक्ष्य असहयोग आंदोलन के दौरान गांधीजी ने निर्धारित किया था।
☞ महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन के दौरान **'केसर-ए-हिन्द'** की उपाधि त्याग दी।
☞ **बाल गंगाधर तिलक** ने असहयोग आंदोलन को अपना समर्थन दिया था किन्तु इस आंदोलन के प्रारंभ होने के पूर्व ही तिलक की मृत्यु हो गई।
☞ '**चौरी-चौरा कांड**' 5 फरवरी, 1922 को घटित हुआ।
☞ '**चौरी-चौरा हत्याकांड**' के पश्चात गांधीजी ने असहयोग आंदोलन स्थगित कर दिया।
☞ चौरी-चौरा कांड के समय गांधीजी **बारदोली** में थे।
☞ असहयोग आंदोलन के दौरान विदेशी वस्त्रों को जलाए जाने को रबीन्द्रनाथ टैगोर ने '**निष्ठुर बर्बादी**' कहा था।

## स्वराज पार्टी

☞ 'स्वराज पार्टी' की स्थापना वर्ष 1923 में इलाहाबाद में **सी.आर. दास** एवं **मोतीलाल नेहरू** ने की थी।
☞ वर्ष 1925 में सेंट्रल लेजिस्लेटिव असेंबली के अध्यक्ष **विट्ठल भाई पटेल** निर्वाचित हुए थे।
☞ **चित्तरंजन दास** को **देशबन्धु** के नाम से जाना जाता था।

## साइमन कमीशन

☞ साइमन कमीशन **वर्ष 1928** में भारत आया था।
☞ साइमन कमीशन में कोई सदस्य भारतीय न होने के कारण भारतीयों ने इसका विरोध किया था।
☞ **लाला लाजपत राय** की मृत्यु साइमन कमीशन के विरोध के दौरान लाठी चार्ज से हुई थी।
☞ **नेहरू रिपोर्ट** वर्ष 1928 में मोतीलाल नेहरू समिति ने तैयार की थी।
☞ वर्ष 1928 में '**इंडिपेंडेंस फॉर इंडिया लीग**' का गठन जवाहरलाल नेहरू ने किया था।

## पूर्ण स्वराज प्रस्ताव

☞ **पूर्ण स्वराज** का प्रस्ताव वर्ष 1929 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के **लाहौर अधिवेशन** में पारित किया गया।
☞ वर्ष 1929 के कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन की अध्यक्षता **जवाहरलाल नेहरू** ने की थी।
☞ कांग्रेस के वर्ष 1929 के लाहौर अधिवेशन में कांग्रेस का लक्ष्य '**पूर्ण-स्वराज**', जवाहरलाल नेहरू द्वारा घोषित किया गया।

## सविनय अवज्ञा आंदोलन

☞ सविनय अवज्ञा आंदोलन दांडी मार्च के बाद प्रारंभ हुआ।
☞ गांधीजी ने **दांडी मार्च** 12 मार्च, 1930 को प्रारंभ किया था।
☞ दांडी मार्च का आयोजन '**नमक कानून**' को तोड़ने के लिए किया गया था।
☞ गांधीजी ने दांडी यात्रा **साबरमती आश्रम** से प्रारंभ की।
☞ नमक सत्याग्रह के समय गांधीजी के गिरफ्तार हो जाने के बाद नेता के रूप में उनका स्थान **अब्बास तैय्यबजी** ने लिया था।

☞ गांधीजी ने **वेब मिलर** को दांडी मार्च के समय अपने साबरमती आश्रम में ठहराया था।

☞ सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान '**लाल कुर्ती**' दल का गठन '**खुदाई- खिदमतगार**' नामक स्वयं सेवक संगठन के संस्थापक **अब्दुल गफ्फार खां** ने किया था।

☞ सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान **जादोनांग** आंदोलन नागा जनजाति की महिला **गैडिनेल्यू** द्वारा मणिपुर में प्रारंभ किया गया।

☞ 'दांडी यात्रा' के दौरान गांधीजी ने **390 किमी.** (**241** मील) की यात्रा की थी।

☞ सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान गांधीजी को गिरफ्तार करके **यरवदा जेल** में रखा गया था।

## गांधी-इर्विन समझौता

☞ गांधी-इर्विन समझौता **5 मार्च, 1931** को संपन्न हुआ।

☞ **तेज बहादुर सप्रू** तथा **एम.आर. जयकर** के प्रयत्नों से गांधी एवं इर्विन समझौता संभव हुआ।

☞ गांधी-इर्विन समझौते में सविनय अवज्ञा आंदोलन का स्थगन किया जाना प्रस्तावित था।

☞ वर्ष 1931 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कराची अधिवेशन की अध्यक्षता **सरदार वल्लभभाई पटेल** ने की थी।

## गोलमेज सम्मेलन

☞ **प्रथम गोलमेज सम्मेलन** का आयोजन वर्ष 1930 में लंदन में हुआ था।

☞ **द्वितीय गोलमेज सम्मेलन** (सितबंर 1931) में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व महात्मा गांधी ने किया था।

☞ **डॉ. बी.आर. अंबेडकर** ने तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भाग लिया था।

☞ द्वितीय गोलमेज सम्मेलन के पश्चात '**सांप्रदायिक अधिनिर्णय**' की घोषणा ब्रिटिश प्रधानमंत्री **रैम्जे मैक्डोनाल्ड** ने की।

☞ **अगस्त, 1932 के सांप्रदायिक अधिनिर्णय/पंचाट** के द्वारा पहली बार एक पृथक निर्वाचन समूह दलितों/अछूतों के लिए बनाया गया।

☞ गांधी तथा बी.आर. अम्बेडकर के मध्य **पूना समझौता** 24 सितंबर, 1932 को हुआ।

☞ **पूना समझौते** के अंतर्गत दलित वर्ग के लिए क्रमशः 71 व 148 सीटें दी गईं।

☞ वर्ष 1932 में पूना पैक्ट के पश्चात '**हरिजन सेवक संघ**' की स्थापना महात्मा गांधी द्वारा की गई। इसके प्रथम अध्यक्ष **घनश्याम दास बिड़ला** थे।

☞ बी. आर. अम्बेडकर ने महात्मा गांधी के बारे में कहा था कि **''महात्मा गांधी क्षणिक भूत की भांति धूल उड़ाते हैं लेकिन स्तर नहीं।''**

☞ **कांग्रेस समाजवादी पार्टी** की स्थापना वर्ष 1934 में आचार्य नरेन्द्र देव एवं जयप्रकाश नारायण के सहयोग से हुई थी।

☞ '**लोकनायक**' के नाम से **जयप्रकाश नारायण** प्रसिद्ध थे।

## प्रांतीय चुनाव एवं मंत्रिमंडल का गठन

☞ प्रांतीय सरकारों का गठन वर्ष 1935 के अधिनियम के तहत किया गया।

☞ वर्ष 1937 के प्रांतीय चुनावों में कांग्रेस ने **6 प्रांतों** में सरकार गठित की।

☞ 22 दिसंबर, 1939 को मुस्लिम लीग ने **मुक्ति दिवस** के रूप में मनाया।

☞ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वर्ष 1938 में **हरिपुरा अधिवेशन** की अध्यक्षता सुभाषचन्द्र बोस ने की थी।

☞ वर्ष 1939 के **त्रिपुरी** (जबलपुर, म.प्र.) **अधिवेशन** में गांधीजी द्वारा समर्थित पट्टाभि सीतारमैय्या को पराजित कर सुभाषचन्द्र बोस दोबारा कांग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

☞ गांधीजी के विरोध के पश्चात सुभाषचन्द्र बोस के त्यागपत्र के बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष **राजेन्द्र प्रसाद** बने।

☞ कांग्रेस को छोड़ने के पश्चात सुभाषचन्द्र बोस ने वर्ष 1939 में '**फारवर्ड ब्लॉक**' की स्थापना की।

☞ वर्ष 1939 में **भारत प्रजामंडल** के अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू थे।

☞ भारतीय संघ में **रजवाड़ों का विलय** वर्ष 1947 में हुआ।

## पाकिस्तान की मांग

☞ भारतीय मुसलमानों के पृथक राज्य के लिए पाकिस्तान शब्द का प्रयोग सबसे पहले **चौधरी रहमत अली** व उनके मित्रों ने किया।

☞ मुसलमानों के लिए पृथक राष्ट्र का विचार सर **मुहम्मद इकबाल** ने दिया था।

☞ सरोजिनी नायडू ने मुहम्मद अली जिन्ना को '**हिन्दू-मुस्लिम एकता का दूत**' कहा था।

☞ मुस्लिम लीग द्वारा पाकिस्तान की स्थापना की मांग करने वाला प्रस्ताव मार्च, 1940 में मुस्लिम लीग के **लाहौर अधिवेशन** में पारित किया गया।

☞ मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन में जिन्ना के **दो राष्ट्र के सिद्धान्त** को मान्यता दी गई थी।

☞ मुस्लिम लीग द्वारा **पाकिस्तान दिवस** 23 मार्च, 1940 को मनाया गया।

☞ मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन (मार्च, 1940) की अध्यक्षता **मुहम्मद अली जिन्ना** ने की थी।

## व्यक्तिगत सत्याग्रह

☞ व्यक्तिगत सत्याग्रह आंदोलन **वर्ष 1940 में गांधीजी** द्वारा चलाया गया।

☞ महात्मा गांधी द्वारा व्यक्तिगत सत्याग्रह आंदोलन के लिए प्रथम सत्याग्रही **'विनोबा भावे'** को चुना गया। दूसरे व्यक्तिगत सत्याग्रही जवाहरलाल नेहरू थे।

## क्रिप्स मिशन

☞ **क्रिप्स मिशन** मार्च, 1942 में भारत आया था।

☞ **महात्मा गांधी** ने क्रिप्स मिशन को ''एक टूटते हुए बैंक के नाम एक उत्तर दिनांकित चेक'' कहा था।

☞ क्रिप्स मिशन का उद्देश्य द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात **भारत संघ की स्थापना** करना और उसे **डोमिनियन का दर्जा** प्रदान करना था।

☞ लॉर्ड लिनलिथगो ने गांधीजी के आंदोलनों को **'राजनैतिक फिरौती'** कहा था।

## भारत छोड़ो आंदोलन

☞ **भारत छोड़ो आंदोलन** 9 अगस्त, 1942 को प्रारंभ किया गया।

☞ 14 जुलाई, 1942 को कांग्रेस कार्य समिति द्वारा 'भारत छोड़ो आंदोलन' का प्रस्ताव **वर्धा** में पारित किया गया।

☞ भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान **'करो या मरो'** का नारा गांधीजी ने दिया था।

☞ वर्ष 1942 में कांग्रेस के बंबई अधिवेशन में जवाहरलाल नेहरू के द्वारा 'भारत छोड़ो आंदोलन' का प्रस्ताव प्रस्तावित किया गया था।

☞ **भारत छोड़ो आंदोलन** का प्रस्ताव **महात्मा गांधी** ने तैयार किया था।

☞ भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान कांग्रेस के अध्यक्ष **अबुल कलाम आजाद** थे।

☞ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लगातार **6 वर्षों** (वर्ष 1940 से वर्ष 1945) तक अध्यक्ष अबुल कलाम आजाद थे।

☞ भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान **'कांग्रेस रेडियो'** का प्रसारण **उषा मेहता** ने किया।

☞ भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान कांग्रेस रेडियो पर नियमित रूप से कार्यक्रम **राममनोहर लोहिया** द्वारा प्रसारित किया जाता था।

☞ भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान गांधीजी को पूना के **आगा खां महल** में नजरबंद रखा गया।

☞ **अरुणा आसफ अली** भारत छोड़ो आंदोलन से जुड़ी थीं।

☞ अमेरिकी पत्रकार **लुई फिशर** महात्मा गांधी का जीवनीकार था।

☞ भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उत्तर प्रदेश के बलिया में **चितू पाण्डे** के नेतृत्व में समांतर सरकार की स्थापना की गई।

## सुभाषचन्द्र बोस और आजाद हिंद फौज

☞ **सुभाषचन्द्र बोस** का जन्म 23 जनवरी, 1897 को उड़ीसा के **कटक** में हुआ था।

☞ वर्ष 1942 में **कैप्टन मोहन सिंह** के नेतृत्व में **'इंडियन नेशनल आर्मी'** का गठन किया।

☞ जुलाई, 1943 को सुभाषचन्द्र बोस के नेतृत्व में **आजाद हिंद फौज** का पुनर्गठन किया गया।

☞ **'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा'** का नारा सुभाषचन्द्र बोस ने दिया था।

☞ **'जय हिंद'** का नारा सुभाषचन्द्र बोस ने दिया था।

☞ सुभाषचन्द्र बोस को **'देश नायक'** रबीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था।

☞ वर्ष 1945 में आजाद हिंद फौज की ओर से लाल किले के मुकदमे में पैरवी कर रहे वकीलों की अध्यक्षता **भूलाभाई देसाई** ने की थी। अन्य वकील टी.बी. सप्रू, जवाहरलाल नेहरू आदि थे।

## कैबिनेट मिशन योजना (1946)

☞ भारत के लिए एक **त्रिस्तरीय शासन व्यवस्था** का प्रस्ताव कैबिनेट मिशन ने किया था।

☞ कैबिनेट मिशन के अध्यक्ष भारत मंत्री **लॉर्ड पैथिक लॉरेंस** थे।

☞ कैबिनेट मिशन योजना के पक्ष में पूरी तरह से **महात्मा गांधी** थे।

☞ कैबिनेट मिशन **24 मार्च, 1946** को दिल्ली आया था।

☞ कैबिनेट मिशन के समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष **मौलाना अबुल कलाम आजाद** थे।

## संविधान सभा

☞ संविधान सभा का गठन कैबिनेट मिशन प्लान के अंतर्गत किया गया था।

☞ **संविधान सभा का पहला सत्र** 9 दिसंबर, 1946 को शुरू हुआ।

☞ संविधान सभा के प्रथम स्थायी अध्यक्ष डा. राजेंद्र प्रसाद थे।

## अंतरिम सरकार का गठन

☞ अंतरिम सरकार का गठन 2 सितंबर, 1946 को **पंडित जवाहरलाल नेहरू** के नेतृत्व में हुआ था।

☞ अंतरिम सरकार में रेल मंत्री **आसफ अली** थे।

☞ 16 अगस्त, 1946 को मुस्लिम लीग ने **'सीधी कार्यवाही दिवस'** मनाया।

## भारत का विभाजन एवं स्वतंत्रता

- **माउंटबेटन योजना** भारत के स्वतंत्रता की आधार बनी।
- भारत के स्वतंत्रता के समय इंग्लैंड के प्रधानमंत्री **क्लीमेंट एटली** थे।
- **भारत स्वतंत्रता अधिनियम** जुलाई, 1947 में पारित हुआ।
- 14 जून, 1947 को कांग्रेस के दिल्ली अधिवेशन में भारत के विभाजन का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। इस अधिवेशन की अध्यक्षता आचार्य **जे.बी. कृपलानी** ने की थी।
- स्वतंत्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल **लॉर्ड माउंटबेटन** थे।
- स्वतंत्र भारत के प्रथम एवं अंतिम भारतीय गवर्नर जनरल **सी. राजगोपालाचारी** थे।
- स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि मंत्री **बी. आर. अम्बेडकर** थे।
- भारत की स्वतंत्रता के समय कांग्रेस के अध्यक्ष आचार्य **जे.बी. कृपलानी** थे।

## विविध

- 1813 ई. के **चार्टर एक्ट** से कंपनी का भारतीय व्यापार पर एकाधिकार समाप्त हो गया।
- **अखिल भारतीय किसान सभा** का प्रथम अधिवेशन **स्वामी सहजानन्द सरस्वती** की अध्यक्षता में लखनऊ में हुआ।
- **बारदोली सत्याग्रह** (वर्ष 1928) का नेतृत्व सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया था।
- सरदार वल्लभभाई पटेल को **सरदार की उपाधि** महात्मा गांधी ने बारदोली सत्याग्रह के दौरान आंदोलन में शामिल महिलाओं की तरफ से दी थी।
- **भूदान आंदोलन आचार्य विनोबा भावे** ने प्रारंभ किया था।
- इंडियन ट्रेड यूनियन कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष **लाला लाजपत राय** थे।
- रबीन्द्रनाथ टैगोर को **'महान प्रहरी'** महात्मा गांधी ने कहा था।
- **'जय जवान जय किसान'** का नारा लाल बहादुर शास्त्री ने दिया था।

**प्रमुख पुस्तकें एवं उनके लेखक**

| पुस्तकें | लेखक |
|---|---|
| इंडिया विन्स फ्रीडम | अबुल कलाम आजाद |
| गीता रहस्य | बाल गंगाधर तिलक |
| द लाइफ डिवाइन | अरबिंद घोष |
| इंडियन स्ट्रगल | सुभाषचन्द्र बोस |
| अनहैप्पी इंडिया | लाला लाजपत राय |
| ए नेशन इन द मेकिंग | सुरेन्द्र नाथ बनर्जी |
| इंडिया डिवाइडेड | राजेंद्र प्रसाद |
| हिंद स्वराज | महात्मा गांधी |
| माई एक्सपेरिमेंट विद ट्रुथ | महात्मा गांधी |
| प्रिजन डायरी | जयप्रकाश नारायण |
| मदर इंडिया | कैथरीन मेयो |
| संघर्ष की ओर | जयप्रकाश नारायण |
| मैं अनिश्वरवादी क्यों हूं ? | भगत सिंह |
| गोल्डन थ्रेशहोल्ड | सरोजिनी नायडू |
| भारत एक खोज (डिस्कवरी ऑफ इंडिया) | जवाहरलाल नेहरू |

- **''प्रत्येक वस्तु प्रतीक्षा कर सकती है, परंतु कृषि नहीं''** कथन जवाहरलाल नेहरू ने दिया था।
- कांग्रेस के आधिकारिक इतिहास के रचयिता **पट्टाभि सीतारमैय्या** थे।
- ब्रिटिश संसद सदस्य के रूप में चुने जाने वाले प्रथम भारतीय **दादाभाई नौरोजी** थे।
- भारत के **केरल प्रांत** में सर्वप्रथम साम्यवादी सरकार की स्थापना हुई थी।
- प्रथम भारतीय नोबल पुरस्कार विजेता **रबींद्रनाथ टैगोर** थे।
- प्रथम अखिल भारतीय समाजवादी युवा कांग्रेस के सभापति **जवाहरलाल नेहरू** थे।
- **वर्तमान कैलेंडर** ग्रिगेरियन कैलेंडर पर आधारित है।
- विश्व की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीलंका की **सिरीमावो भण्डारनायके** थीं।
- पाकिस्तान के संस्थापक **मुहम्मद अली जिन्ना** थे।
- स्वतंत्रता से पूर्व सरदार वल्लभभाई पटेल ने राजाओं द्वारा स्वतंत्र रूप से घोषित राज्य को **भारतीय संघ** में शामिल किया।
- बंगाल के विभाजन को **लॉर्ड हार्डिंग** ने निरस्त किया था।
- अलीपुर बम केस में **अरबिंद घोष** शामिल थे।
- 26 जनवरी, 1930 को **पूर्ण स्वराज दिवस** मनाया गया।
- खिलाफत आंदोलन के अग्रणी नेता **अली बंधु** थे।
- **नाथू राम गोडसे** ने महात्मा गांधी को 30 जनवरी, 1948 को गोली मारी।
- सुभाषचन्द्र बोस ने अंतरिम सरकार का गठन सिंगापुर में वर्ष 1943 में किया।
- राष्ट्रीय चिह्न **'सिंह स्तंभ'** सारनाथ के अशोक स्तंभ से लिया गया है।
- भारत के प्रथम प्रधानमंत्री **जवाहरलाल नेहरू** थे।
- भारत के प्रथम उप- प्रधानमंत्री **सरदार वल्लभभाई पटेल** थे।
- पंचशील समझौता भारत एवं चीन के मध्य वर्ष 1954 में हुआ था।

| कला एवं संस्कृति | |
|---|---|
| **त्योहार** | **स्थान** |
| ओणम | केरल |
| बिहू | असम |
| पोंगल | तमिलनाडु |
| चापर कुट | मिजोरम |
| लोसांग | सिक्किम |
| बैशाखी | पंजाब |

☞ आदि शंकराचार्य द्वारा चार मठों- **जोशी मठ, द्वारका, पुरी तथा शृंगेरी** की स्थापना की गई।

☞ कुंभ का आयोजन भारत में चार स्थानों - **इलाहाबाद, उज्जैन, नासिक एवं हरिद्वार** में होता है।

☞ **'रथ यात्रा'** महोत्सव पुरी (ओडिशा) में आयोजित किया जाता है।

| **नृत्य** | **स्थान** |
|---|---|
| मोहिनीअट्टम | केरल |
| ओडिसी | ओडिशा |
| कुचिपुड़ी | आंध्र प्रदेश |
| कथकली | केरल |
| भरतनाट्यम | तमिलनाडु |
| कारागम | तमिलनाडु |
| तेरहताली | राजस्थान |
| जात्रा | पश्चिम बंगाल |
| ओजापाली | असम |

## उपनाम, कथन और पुस्तकें

☞ गांधीजी का प्रिय गीत ''वैष्णव जन तो ....'' को **नरसिंह मेहता** ने रचा था।

☞ 'द इण्डियन वार ऑफ इंडिपेंडेंस' नामक पुस्तक के लेखक **वी.डी. सावरकर** थे।

☞ 'भारत कोकिला' **सरोजिनी नायडू** को कहा जाता है।

☞ 'दिल्ली चलो' का नारा **सुभाषचन्द्र बोस** ने दिया था।

☞ जब महात्मा गांधी की हत्या हुई तब **अल्बर्ट आइंस्टीन** ने कहा था, ''कोई विश्वास नहीं करेगा कि ऐसे शरीर और आत्मा वाला कोई आदमी कभी इस धरती पर चला था''।

☞ 'प्रिजन डायरी' **जयप्रकाश नारायण** ने लिखी है।

☞ 'देशबंधु' की उपाधि **सी. आर. दास** के साथ संबंधित है।

☞ बालगंगाधर तिलक को '**लोकमान्य**' की उपाधि महाराष्ट्र में कर न देने का आंदोलन चलाने के समय दी गई थी।

☞ नवजीवन, 'यंग इंडिया' और 'हरिजन' के संपादक **महात्मा गांधी** थे।

☞ अमर राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के रचयिता **बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय** थे।

☞ 'फ्रंटियर गांधी' पद के साथ **खान अब्दुल गफ्फार खां** संबंधित हैं।

☞ 'सारे जहां से अच्छा' राष्ट्रभक्ति गीत **मोहम्मद इकबाल** ने लिखा था।

☞ ''जय हिन्द'' का नारा **सुभाषचन्द्र बोस** ने दिया था।

☞ **सरदार वल्लभ भाई पटेल** को 'भारतीय बिस्मार्क' के रूप में जाना जाता है।

| प्रमुख नारे/कथन वचन तथा संबंधित महापुरुष | |
|---|---|
| **कथन** | **महापुरुष** |
| करो या मरो, भारत छोड़ो | महात्मा गांधी |
| हू लीव्स इफ इंडिया डाइज | जवाहरलाल नेहरू |
| इंकलाब जिन्दाबाद | भगत सिंह |
| वेदों की ओर लौटो | दयानन्द सरस्वती |
| स्वराज्य हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है | बाल गंगाधर तिलक |
| सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा | मोहम्मद इकबाल |
| दिल्ली चलो, जय हिन्द | सुभाषचन्द्र बोस |
| पूर्ण स्वराज्य | जवाहर लाल नेहरू |
| विजयी विश्व तिरंगा प्यारा | श्यामलाल गुप्त |
| तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा | सुभाषचन्द्र बोस |
| साइमन कमीशन वापस जाओ | लाला लाजपत राय |
| सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है | बिस्मिल अजीमाबादी |
| हे राम | महात्मा गांधी |
| वंदे मातरम् | बंकिमचन्द्र चटर्जी |
| जन-गण-मन | रबीन्द्रनाथ टैगोर |
| हिन्दी, हिन्दू, हिन्दुस्तान | प्रताप नारायण मिश्र |
| आराम हराम है | जवाहरलाल नेहरू |
| जय जवान, जय किसान | लाल बहादुर शास्त्री |